भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 164

(दिनांक 07.12.2022 को उत्तर के लिए)

विधायकों/संसद सदस्यों के विरुद्ध दर्ज सीबीआई के मामले

164. श्रीमती माला राय:

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान सीबीआई ने विधानसभा सदस्यों और संसद सदस्यों के खिलाफ कितने मामले पार्टी-वार और राज्य-वार दर्ज किए हैं;

(ख) कितने मामलों में अंतिम आरोप पत्र प्रस्तुत कर दिया गया है; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान सीबीआई मामलों में सजा मिलने की दर का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) सीबीआई द्वारा 2017 से 2022 तक (31.10.2022 तक) विधानसभा सदस्यों (एमएलए) और संसद सदस्यों (एमपी) के खिलाफ दर्ज किए गए मामलों की संख्या 56 है। विवरण **संलग्नक-क** और **संलग्नक-ख** में दिया गया है।

(ख) दर्ज किए गए 56 मामलों में से 22 मामलों में आरोप पत्र दाखिल कर दिए गए हैं।

(ग) पिछले पांच वर्षों अर्थात् 2017 से 2021 तक के दौरान सीबीआई मामलों में सजा मिलने की दर निम्नलिखित अनुसार हैः-

वर्ष	सजा मिलने की दर का प्रतिशत
2017	66.90%
2018	68.00%
2019	69.19%
2020	69.83%
2021	67.56%

संलग्नक-क

सीबीआई द्वारा एमएलए/एमपी के खिलाफ दर्ज किए गए मामलों की राज्य-वार संख्या

क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**राज्यवार मामलों की संख्या**
1	हरियाणा	1
2	आंध्र प्रदेश	10
3	कर्नाटक	2
4	तमिलनाडु	4
5	छत्तीसगढ	1
6	पश्चिम बंगाल	5
7	दिल्ली	3
8	बिहार	3
9	उत्तर प्रदेश	6
10	मेघालय	1
11	मणिपुर	3
12	उत्तराखंड	1
13	अरुणाचल प्रदेश	5
14	केरल	6
15	जम्मू और कश्मीर	2
16	मध्य प्रदेश	1
17	महाराष्ट्र	1
18	लक्षद्वीप	1
	कुल	**56**

संलग्नक-ख

उन राजनीतिक पार्टियों का नाम जिनके विधानसभा सदस्यों और संसद सदस्यों के खिलाफ सीबीआई द्वारा मामले दर्ज किए गए हैं

क्र.सं.	राजनीतिक पार्टी का नाम
1	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी)
2	अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी)
3	युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस (वाईएसआरसी)
4	आम आदमी पार्टी (आप)
5	राष्ट्रीय जनता दल (राजद)
6	भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी)
7	समाजवादी पार्टी (सपा)
8	अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एडीएमके)
9	तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी)
10	जन सेना पार्टी (जेएसपी)
11	राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी)